**खबर संक्षेप**

## धरती माता का श्रृंगार करने किया गया पौधरोपण



**शहडोल।** पेड़ लगाओ, जीवन पाओ, धरती को हरा-भरा बनाओ, प्रकृति को हरा-भरा बनाने व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणा एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। पेड़ से हमे न केवल ऑक्सीजन मिलती बल्कि पेड़ो में पक्षियों का आवास भी होता है। पेड़-पौधे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेड़ पौधे वायुमंडल के तापमान को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाते है। यदि आज हम पौधो को रोपण नही करेंगे तो आने वाले समय में वायुमंडल का तापमान और अधिक बढता जाएगा, जो जीवन के लिए अत्यंत हानिकारक साबित होगा। हमें पर्यावरण के प्रति सचेत रहना होगा और पौधो का रोपण करने के लिए स्वयं जागरूक रहते हुए दूसरों को भी जागरूक करना होगा।

एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम गंधिया में धरती माता का श्रृंगार करने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन, एसडीओ श्री अशोक मरावी, एपीओ मनोज मिश्रा ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव तथा ग्रामीणजनों ने पौध का रोपण कर उसे जीवित रखने का संकल्प लिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन ने कहा कि पौधरोपण का कार्य हमारी संस्कृति, संवेदना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह प्रयास पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने वाला है।

## ग्राम जोधपुर में आयोजित किया गया शिविर

**शहडोल।** धरती आबा जागरुकता एवं लाभ संतृप्ति कैम्प जिले में चिन्हित ग्रामों में नियत तिथियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम जोधपुर मे धरती आबा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में आधार अपडेशन कार्य, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जनधन खाता, समग्र ई-केवाईसी, किसान सम्मान निधि, मातृ वंदना योजना, इत्यादि केंद्र व राज्य की योजनाओं व सेवाओं की जानकारी दी गई। आयोजित शिविर में 15 आयुष्मान कार्ड बनाये गये, 10 आधार कार्ड (नवीन) व 20 आधार अपडेशन का कार्य किया गया एवं 20 राशन कार्ड, 15 जाति प्रमाण पत्र, 30 निवास प्रमाण पत्र, 304 सिकल सेल जाँच, 20 मनरेगा, 5 पी. एम. किसान योजना के तहत आवेदन पत्र प्राप्त कर यथासंभव निराकरण किया गया।

कैंप के दौरान संबधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच शिक्षकगण, आगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम. सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

## पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों का 20 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**शहडोल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिले के पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों का संवैधानिक मूल्य, नागरिकता कौशल ,भारतीय ज्ञान परंपरा एवं 21 वीं सदी के कौशल विषय पर 20 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षक आशुतोष तिवारी, विनय दुबे एवं के.के. पटेल द्वारा शांति के लिए शिक्षा, पाक्सो एक्ट ,भारतीय ज्ञान परंपरा ,सतत विकास निर्माण, संविधान का निर्माण, लैंगिक समानता बहु संस्कृतिवाद एवं बहुभाषिकता एक जीवंत लोकतंत्र एवं 21वीं सदी के कौशल आदि विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण 16 जून से 05 जुलाई 2025 के मध्य आयोजित किया गया था।

### ...तो शहर में बिक रहा भयानक नॉनवेज!

# खाद्य सुरक्षा मानकों के उड़ रहे परखच्चे, विभाग मौन

शहडोल।



नागरिकों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए शासन चाहे जितने प्रयास किए हों और चाहे जितनी सुविधाएं दी हों, एक पूरा विभाग खड़ा कर रखा है। लेकिन स्थानीय अमला अपने निकम्मेपन के कारण शासकीय मंशा में पानी फेर देता है। मिलावटी सामग्रियों की जांच पड़ताल करने और मामला कायम करने के लिए संचालित खाद्य एवं औषधि विभाग का हाल भी कुछ ऐसा ही है। लेकिन इस विभाग की निष्क्रियता के और भ्रष्टाचार के कारण कोई इसके बारे में जानकारी ही नहीं रखता। खाद्य सुरक्षा मानकों की कड़ी निगरानी करने वाले विभाग का अमला कभी भी अपने कार्यालय के बाहर नहीं निकलता। यह अवश्य है कि होली, दीवाली आदि जैसे बड़े त्योहारों पर खाद्य सुरक्षा निरीक्षकों द्वारा बड़े होटल व मिष्ठान भंडार जांच लिए जाते हैं। फिर चुपचाप अंदर ही खिचड़ी पका कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है।

### हो सकते हैं बीमारी का शिकार

संभागीय मुख्यालय में खुलेआम ठेलों पर मांस परोसा जा रहा है, लेकिन इस मांस को पकाने से पहले कोई जांच नहीं होती। इससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। बर्ड फ्लू जैसी बीमारी संक्रमिक पक्षी और मांस के सेवन से होती है, बावजूद इसके बिरयानी सेंटरों की चेकिंग कर यह नहीं देखा जाता कि वहां ग्राहकों को कितना दिन पुराना मांस परोसा जा रहा है। बिरयानी सेंटरों में स्वच्छता का खयाल नहीं रखा जाता। तीन चार दिन पुराने गोश्त को बनाकर लोगों को परोसा जा रहा है। संभागीय मुख्यालय सहित कस्बाई क्षेत्रों में कई बिरयानी सेंटर चल रहे हैं, जहां स्वच्छता का बिल्कुल खयाल नहीं रखा जाता है। यहां लोगों को बासी मांस परोसा जा रहा है, मांस किस जानवर का है, इसका भी कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। शहर के भोजनालयों में परोसा जाने वाला नॉनवेज भी स्वच्छ नहीं है। इसका सेवन करने से लोग बर्ड फ्लू जैसी बीमारी का शिकार हो सकते हैं।

### जिले में बढ़ी मिलावटखोरी

खाद्य पदार्थों की शुद्धता की निगरानी का जिम्मा उठाने वाले इस विभाग की निष्क्रियता और कमीशनबाजी के कारण पूरे जिले के अधिकांश व्यापारी मिलावटी सामान बेच रहे हैं। इन्हे होटल वाले और किराना वाले खरीद कर महगे दामों में बेच रहे हैं। बताते हैं कि मिलावटी सामान ओरिजन की तुलना में व्यापारी आधे मूल्य पर खरीदते हैं। यहां अब नमकीन, मिठाई और तेल का बड़ा कारोबार किया जा रहा है। लेकिन विभाग के निरीक्षक कभी दूकानों का औचक निरीक्षण नहीं करते हैं। अगर निरीक्षण कर भी लें तो उन्होने निरीक्षण में क्या पाया यह कभी उजागर नहीं होता है। उनका कहना होता है कि यह हम सीधे नहीं बता सकते हम इसका नमूना प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजेंगे। जो होगा वहीं से होगा। इसके बाद मामला क्या हुआ किसी को पता नहीं चलता है।

### बिना लायसेंस चल रही रसोई

जहां भी अधिक लोगों के लिए खाना पीना बनता है, ऐसे स्थानों में इस बात का लायसेंस लिया जाना चाहिए कि यहां खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। बताते है कि विभाग से इसके लिए एक प्रपत्र भी प्रदान किया जाता है। लेकिन विभाग को इस प्रक्रिया से कोई सरोकार नहीं है। जिला अस्पताल, जिला जेल, हॉस्टलों आदि में सैकड़ों के लिए रोजाना भोजन तैयार किया जाता है। लेकिन बिना किसी शुचिता के ही सब चल रहा है। खाद्य एवं औषधि विभाग स्वयं ही स्वास्थ्य विभाग के अण्डर में है। उसकी अस्पताल में भी केवल भर्रा ही चल रहा है। इसी तरह कई बड़े होटलों व रेस्टारेंट में भी यही किस्सा चल रहा है।

### खुले में बिक रहा सुबह का नाश्ता

जिले भर में सैकड़ों की संख्या में ऐसे चाय नाश्ते के होटल हैं जहां होटल वाले खाद्य सुरक्षा मानकों का सामान्य सा भी पालन नही करते। देखा जा सकता है कि नीचे से नाली बहती है, जहां लोगों का जगह जगह बलगम पड़ा रहता है, मक्खियां भिनकती हैं और उसके ऊपर ट्रे में जलेबी समोसा रखा रहता है। इन पर भी मक्खियां भिनकती रहतीं है। सुबह जब ग्राहक नाश्ता करने जाता है तो दूकानदार यही नाश्ता परोस देता है। दूकानदार इतना भी नहीं करता कि वह नाश्ते के सामान को ढांक कर रख दे। होटलों का पानी ऐसी टंकी का रहता है जो महीनों साफ नहीं होती है। उसमें काई लगी रहती है। यह सब संभाग मुख्यालय में भी चल रहा है, लेकिन विभाग के साहबों को इन सबसे कोई लेना देना नहीं रहता है। हर माह उनका कमीशन उन्हे पहुंच जाता है।

### पर्दानशीन है साहब बहादुर



खाद्य एवं औषधि विभाग के मुखिया आर.के. सोनी किसी परिचय के मोहताज नहीं है, वर्तमान में इन्हें साहब बहादुर की संज्ञान दी गई है, मिलावट के इस दौर में श्री सोनी की कार्यशैली बिना मिलावट के शुद्ध कैसे हो सकती है, रिआया (जनता) की पुकार श्री सोनी के कानों को तकलीफ देती है, साहब बहादुर पर्दानशीन हैं, पहरों में रहते हैं। कर्णकटु फोन उन तक नहीं पहुंच सकते। फोन रिसीव करना वे जरूरी नहीं समझते, गैरजरूरी नंबरों के फोन अक्सर बेलाइन रहते हैं। किसी की इतनी मजाल कहां जो साहब बहादुर को अपनी आपबीती सुना सके। आलम यह है कि श्री सोनी ने अपना डेकोरम मेंटेन कर रखा है, त्यौहारों से पूर्व छापे के दिखावे और दबाव बनाने साहब पर्दे से बाहर आते हैं, वर्तमान में साहब के पास दो जिलों का प्रभार है, चर्चा है कि चांदी के सिक्के दोनों जिलों से बटोरकर आलीशान हवेली खड़ी की जा रही है।

## अंधविश्वासः जादू-टोने के शक पर बैगा दंपत्ति को दबंगों ने पीटा





**उमरिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमड़ी से इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जादू-टोने के शक पर गांव के दबंगों ने विशाल पिता धन्नू बैगा को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। लाठी-डंडों से हुए इस निर्मम हमले में विशाल गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया है। बीच-बचाव के प्रयास में आई उसकी पत्नी रेशमा बैगा को भी नहीं बख्शा गया। उसे भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल दंपति को जिला अस्पताल लाया गया। रेशमा बैगा ने बताया कि हमलावरों में भल्लू, सुरेन्दा, गुड्डा, गिरजा, नन्नी और जामवती शामिल थे, जो पीड़ित परिवार के पड़ोसी हैं। घटना जिला मुख्यालय से महज़ 7-8 किमी की दूरी पर घटी है, जो यह सोचने पर मजबूर करती है कि अंधविश्वास के नाम पर आज भी कैसे बेकसूरों को शिकार बनाया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल विशाल फिलहाल बेहोश है, उसके सिर पर गहरी चोट आई है। इस निर्मम कृत्य ने एक बार फिर ये सवाल खड़ा कर दिया है। क्या 21वीं सदी में भी अंधविश्वास और जादू-टोने के नाम पर इंसान की जान यूं ही सस्ती है?

## तेज रफ्तार वाहन पेड़ से टकराया

### 3 की मौत, 4 गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा में तेज रफ्तार तूफान वाहन पेड़ से टकरा गया, जिसमें सवार तीन महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। सभी छत्तीसगढ़ की रहने वाली थीं और अयोध्या दर्शन कर लौट रहीं थीं। तभी वाहन रास्ते में पेड़ से टकरा गया। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। चार की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया जा रहा है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्यौहारी थाना के जोरा गांव के पास चार पहिया वाहन तूफ़ान क्रमांक सीजी 10 बीपी 8657 सडक़ किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। वाहन में सवार तीन महिला गायत्री कवर उम्र 55 वर्ष, मालती पटेल उम्र 50 वर्ष एवं इंदिरा बाई की मौके पर मौत हो गई, पुलिस के अनुसार वाहन में कुल 20 लोग सवार थे। चालक के अलावा सभी महिला एवं बच्चे शामिल हैं। घटना सोमवार की सुबह 4:40 बजे हुई है। घायलों ने पुलिस को बताया कि वह छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं और अयोध्या से दर्शन कर घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस एवम पुलिस वाहनों से ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, चार की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है।



### इनका कहना है...

तीन महिलाओं की मौत हुई है, चार की हालत गंभीर है, जिन्हें सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया है। मृतक के परिवारों को फोन पर सूचना दी गई है। वह ब्यौहारी के लिए रवाना हुए हैं। तूफान वाहन लेकर सभी महिलाएं अयोध्या दर्शन करने गई थी और वापस छत्तीसगढ़ लौट रही थी तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ है।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी**

## देवराज को अज्ञात बदमाशों ने उतारा मौत के घाट



**शहडोल।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बीती रात मोहर्रम के मौके पर एक युवक की चाकू से हमला कर दिया गया, घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार रात लगभग 8 बजे पुरानी बस्ती में ताजिया देखने गए 19 वर्षीय देवराज वंशकार के साथ कुछ युवकों का विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान चार अज्ञात बदमाशों ने देवराज पर जानलेवा हमला किया। हमले में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह 08 बजे देवराज ने दम तोड़ दिया।

देवराज के पिता नरेंद्र वंशकार ने कहा कि मेरा बेटा मैकेनिक का काम करता था और मोहर्रम देखने के लिए घर से निकला था, उन्होंने आरोप लगाया गया कि वारदात के समय देवराज अपने दोस्तों के साथ था और एक युवक से हल्की सी टकराहट के बाद मामला बढ़ गया। उसके दोस्त सोहिल ने कहा कि हम सब साथ में थे। अचानक चार युवकों में से एक ने चाकू निकाल लिया और देवराज पर हमला कर दिया। हम सब घबरा गए और मदद के लिए दौड़ पड़े। पुलिस ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि वे सभी अज्ञात आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। बदमाशों की जल्द पहचान कर ली जाएगी, खबर है कि पुलिस ने संभवतः एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर करें कार्यः मेघा पवार



## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**शहडोल।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में संपन्न हुई। मेघा पवार ने कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करते हुए बेहतर परिणाम दें। उन्होंने कहा कि पास्को एक्ट से पीड़ित बच्चियों की सहायता के लिए सिंगल विंडो परीक्षण व्यवस्था जिला अस्पताल में की जाए। आपने कहा कि कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु जिले में संचालित एनआरसी तथा एसएनसीयू में कोई भी बेड खाली नहीं रहें। चिन्हित बच्चों को उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से बचाने हेतु ऐसे स्थल जहां लोग इक्_ होकर नशा करते हैं। उन स्थानों को चिन्हित किया जाए तथा पुलिस गस्त की व्यवस्था की जाए। शैक्षणिक संस्थाओं के आस-पास नशीले पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाई जाए। शालाओं में बच्चों को दिए जाने वाला मध्यान्ह भोजन गुणवत्तायुक्त हो तथा पर्याप्त मात्रा में भोजन बच्चों को दिलाना सुनिश्चित किया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग तथा डीपीसी को उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में फीस वृद्धि 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो। स्कूली बच्चों को अशासकीय स्कूलों द्वारा किसी विशेष दुकान से पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। ड्राप आउट बच्चों को शालाओं में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि जिले में आंगनवाडिय़ों का नियमित एवं व्यवस्थित रूप से संचालन किया जाए। बालगृह एवं शिशु गृह में आने वाले अनाथ एव परित्यक्त बच्चों की प्रापर देख-रेख की जाए। 14 वर्ष से कम उम्र के जो बच्चे भिक्षावृत्ति करते हैं उनका रेस्क्यू किया जाए तथा उनके शिक्षण की व्यवस्था की जाए।हार्ड स्वयं सेवी संस्था के संचालक सुशील शर्मा ने कहा कि पुलिस थानों में बाल मित्र कक्ष स्थापित किए जाएं। आपने सुझाव दिया कि जिन शालाओं में स्कूल बस की व्यवस्था है आरटीओ के माध्यम से बसों का औचक निरीक्षण किया जाए तथा बसो में शासन के मापदण्ड के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें। बसों में कार्य करने वाले स्टाप का पुलिस सत्यापन किया जाए तथा उन्हें निर्धारित वर्दी में ही ड्यूटी के दौरान कार्य करने हेतु कहा जाए। बैठ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनन्द राय सिन्हा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कल्याणी बाजपेयी, सदस्य अभिषेक चौकसे, अजय मिश्रा, पूर्णिमा चौधरी, प्रीति नामदेव, सहायक संचालक शिक्षा श्री गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शैलेश मिश्रा, सहायक संचालक संगीता भगत, उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री प्रज्ञा मरावी, श्रम निरीक्षक श्रीमती चरणा गुप्ता, परिवीक्षा अधिकारी राजश्री द्विवेदी सहित समिति के अशासकीय सदस्य, बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन की मूल्यांकन एवं निगरानी वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान की समीक्षा तथा बाल श्रम अधिनियम की समीक्षा की गई।

## बीसीसीआई अंपायर की परीक्षा में सचिन चयनित



**शहडोल।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जून 2025 में आयोजित अंपायरिंग परीक्षा परिणाम शहडोल निवासी सचिन पाराशर ने सफलता हासिल की है। सचिन पाराशर बीसीसीआई अंपायर के पैनल में शामिल हो गए हैं। अब वह बीसीसीआई अंपायर की भूमिका में नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में शामिल होने वाले उत्तीर्ण 152 परीक्षार्थियों में से शीर्ष 26 को बीसीसीआई अंपायर पैनल में शामिल किया गया है। सचिन ने बीसीसीआई अंपायर के तौर पर आल ओवर इंडिया चयन सूची में 16 वाँ स्थान हासिल किया है।

## 9 जुलाई की आम हड़ताल को सफल बनाने कटिबद्ध हुई एचएमएस

### श्रमिक हितों के लिए एकजुटता का आह्वान



**शहडोल।** 9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी एक दिवसीय आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) ने कमर कस ली है। इस संबंध में संगठन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि एसईसीएल समेत समस्त खनन क्षेत्रों में हड़ताल को सफल बनाने की पूरी रणनीति तैयार की गई है। कोयला मजदूर पंचायत के केंद्रीय महामंत्री एवं हिंद मजदूर सभा के प्रांतीय सचिव विनय सिंह ने सभी क्षेत्रों और खदानों में पदस्थ यूनियन प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर अन्य श्रमिक संगठनों के साथ मिलकर एकजुटता से हड़ताल में शामिल हों। विनय सिंह के नेतृत्व में संचालित विभिन्न यूनियनों— चचनडीह बक्साइट खदान की जनता मजदूर संघ, ओपीएम की मजदूर मुक्ति मोर्चा (एचएमएस), मध्यप्रदेश खेत मजदूर सभा, मध्यप्रदेश निर्माण मजदूर सभा और बीड़ी पत्ता मजदूर सभा के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे हड़ताल की सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता से जुट जाएं।

हड़ताल की आवश्यकता को लेकर संगठन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा हाल ही में श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताएं लागू की गई हैं, जो पूरी तरह मजदूर विरोधी हैं। नए कानूनों के तहत न सिर्फ 8 घंटे की बजाय 12 घंटे कार्य की बाध्यता लाई गई है, बल्कि प्रबंधन को यह भी छूट दी गई है कि वे मनमाने ढंग से श्रमिकों की नियुक्ति और निष्कासन कर सकें। इसके अतिरिक्त, न्यूनतम वेतन तय करने के लिए 2750 कैलोरी खुराक की जगह 2200 कैलोरी को आधार बनाए जाने की बात की जा रही है, जो श्रमिकों के जीवनस्तर पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। कोयला मजदूर पंचायत ने समस्त श्रमिक संगठनों से अपील की है कि वे एक स्वर में इस अन्यायपूर्ण नीति का विरोध करें और 9 जुलाई को हड़ताल में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

**कार्यालय नगर परिषद ब्योहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.)**
Ph.- 07650-262239 Email- cmobyohari@mpurban.gov.in

क्र./891/ न.प./स्था./2025 — ब्योहारी, दिनांक- 25/06/2025

**विज्ञप्ति**

मान्नीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक 7275 / 2019 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024 म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्र. एफ 07-09/2019 /आ. प्र. /1/676/16017123/2023/18-1 दिनांक 16.02.2023 संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./स्था. / एक / 201/प्र.शि. / 2024 / 3780 भोपाल दिनांक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन के पत्र क्र. एफ 8-2 /2013/आ. प्र. / एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार विषेश भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनो के लिए सफाई संरक्षक (संविदा) के अतिरिक्त पद की पूर्ति वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाना है । निकाय द्वारा जारी तृतीय विज्ञापन क्रमांक 2240 दिनांक 20.02.2025 अनुसार निकाय में दिव्यांगजनो की भर्ती हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुए हैं
01. लोकोमोटर डेसिविलटी जिसमें सम्मलित है सेरेब्रल पॉलिसी कुष्ट रोग मुक्त बाओनापन, ऐसिड, आटेक पीडित, मशकुलर डिस्ट्राफी के पद हेतु एक आवेदन प्राप्त
02. आटिम्ज बौद्विक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसबिल्टी और मानसिक बीमार और बहु विकलांगता जिस अनुसार 01 आवेदन प्राप्त हुऐ प्राप्त आवेदन अनुसार छानबीन समिति द्वारा पात्र अपात्र सूची तैयार की गई है जिसका प्रकाशन किया जाता हैं । प्रकाशित सूची में यदि किसी को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 25.07.2025 तक नगर परिषद् कार्यालय में कार्यालीन समय में आवक, जावक शाखा में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति में कोई विचार नही किया जावेगा ।
संलग्न :-उपरोक्तानुसार सूची ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद ब्योहारी**
**जिला-शहडोल (म. प्र.)**

## खबर संक्षेप

### बिना मुंडेर वाले कुओं का करें अवलोकनः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नही हो, इसके लिए आवश्यक है कि बिना मुंडेर वाले कुओं का अवलोकन किया जाए तथा उसका समुचित प्रबंधन किया जाए , ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हो सके । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### बीमारियों से आमजनों को सतर्क रखने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल से कहा है कि बरसात के दिनों में होने वाले उल्टी दस्त की घटनाएं सामने आने पर तत्काल समुचित इलाज मुहैया कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापवाही नही बरती जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित रूप से भ्रमण करते हुए समस्त दवाईयों की उपलब्धता बनी रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### रामनगर पुलिस ने गुमशुदा को 6 दिवस के भीतर दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में गुमशुदा दस्तयाबी के अभियान के अंतर्गत थाना रामनगर पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को मात्र 06 दिवस के भीतर तलाश कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। दिनांक 30/06/2025 को फरियादी श्रीमती सीमा राठौर (परिवर्तित नाम), उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6/6 खदान रोड द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनके पति राजेश राठौर उम्र 40 वर्ष दिनांक 28/06/2025 से अपने घर से कहीं चले गए हैं और वापस नहीं लौटे। गुम इंसान क्रमांक 31/25 गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कर गुमशुदा की तलाश की जा रही थी। ने मुखबिरों की सहायता से लगातार प्रयास किए। अंततः दिनांक 06/07/2025 को गुमशुदा राजेश राठौर (परिवर्तित नाम) को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित कौशिक, एएसआई संतोष पट्टा, प्र आर. राजेंद्र अहिरवार की भूमिका सराहनीय रही है।

### कार्यक्रम समाप्ति के बाद टेंट का कचरा स्कूल परिसर में छोड गया टेंट संचालक

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** दो दिन पूर्व नगर के शासकीय मॉडल स्कूल में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विद्यालय परिसर में टेंट संचालक के द्वारा टेंट का काम किया गया था। कार्यक्रम के समापन के बाद टेंट एवं अन्य सामान संचालक के द्वारा निकाल कर ले जाया गया लेकिन मैदान में टेंट में लगे खराब सामानों को मैदान में ही फेंक कर चला गया जिसके कारण पूरे मैदान में गंदगी फैली है। जबकि वर्तमान में विद्यालय संचालित हो रहा है और इस तरह से गंदगी के बीच बच्चों की पढ़ाई संचालित करवाई जा रही है।

---

### पीड़ित ने चंदिया पुलिस पर लगाया आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप

# जमीनी विवादः 18 लोगों ने किया एक परिवार पर हमला, कई घायल






**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र के कुछ ही दूरी पर विगत एक सप्ताह पहले 30 जून को जान से मारने के फिराक में आए बदमाशों ने पहले तो फरियादी की जमीन पर कब्जा कर रहे थे, तभी प्रमोद तिवारी का छोटा भाई रोकने गया कि हमारी जमीन पर कब्जा क्यों कर रहे हो, तो गजेंद्र तिवारी के ऊपर कुल्हाड़ी, हाकी, डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिये, प्रमोद तिवारी ने कहा कि न्यायालय केस चल रहा है, तभी हल्ला गुहार सुनकर गजेंद्र तिवारी के बड़े भाई प्रमोद तिवारी पहुंचे तो, उन्हें भी मुकेश बारी, संतोष बारी, नीलमणि बारी, चंद्रमणि बारी निवासी चंदिया , मनोज बारी, कमलेश बारी, पंकज कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, राजेश बारी, गुड्डू बारी और कुछ भाड़े के गुंडे भारी संख्या में नौरोजाबाद, सिंहपुर एवं शहडोल के लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। जिसमें प्रमोद का दोनों पैर जख्मी एवं काट दिया गया है।

#### बच्चों को भी नहीं छोड़ा

आरोपियों द्वारा प्राण घातक हमला किया गया, शरीर के कई अंगों में गंभीर हमला किया गया है एवं प्रमोद के भाई सच्चिदानंद के हाथ-पैर में कई कुल्हाड़ी का वार किया



ग या , जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए , भाई प्रभाकर के ऊपर भी कई बार कुल्हाड़ी एवं हाकी से गंभीर औजारों से पूरे शरीर में गंभीर हमले किए गए, बीच-बचाव करने आई मां एवं छोटे बच्चों पर भी हमले किए गए है।

#### नहीं लगाई गंभीर धाराएं

तिवारी परिवार के साथ हुई वारदात बाद भी चंदिया पुलिस के संरक्षण से अपराधी खुले आम घूम रहे हैं तथा अभी भी परिवार के ऊपर हमले की फिराक में है, पीड़ित के घर के कई चक्कर काटते हैं, जो कि उसके परिवार महिलाओं के साथ भी हमला होने की संभावना है तथा परिवार के सभी लोग दहशत में है, अपराधियों पर पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई , पुलिस द्वारा अपराधियों द्वारा इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के बावजूद गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया है।

#### पूर्व में भी दी थी लिखित सूचना

पीड़ित परिवार के सच्चिदानंद तिवारी का कहना है कि चंदिया थाना में घटना के एक सप्ताह पहले भी अपराधियों की लिखित सूचना दी गई, उस समय भी थाना प्रभारी द्वारा संज्ञान में नहीं लिया गया था, अपराधियों ने पूरे परिवार के साथ मारपीट किया था, तब भी थाना में सूचना दी गई थी, वह चंदिया सामुदायिक अस्पताल में मेडिकल भी हुआ था, उसी दिन की रिपोर्ट में अगर पुलिस ने अपराधियों के ऊपर कोई कार्रवाई की होती तो, यह गंभीर घटना न घटती, गरीब ब्राह्मण परिवार अपनी जान बचाने की गुहार लगता रहा, लेकिन अपराधियों ने ताबड़तोड़ हमला किया।

#### पुलिस पर लग रहे आरोप

30 जून को घातक हमला होने के बाद भी आवेदकों को थाना से भगा दिया गया, जब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से पूरी घटना की जानकारी दी, तब जाकर मामूली धाराओं में पीड़ित परिवार की रिपोर्ट लिखी गई, जिसमें कई अपराधियों का नाम नहीं लिखा गया, लगभग 35 -36 संख्या में भाड़े के गुंडे बदमाश आए थे, लगभग चार फोर व्हीलर दो बोलोरो दो पुराना मॉडल का बोलेरो गाड़ी एवं टू व्हीलर घटना स्थल पर खड़ी थी , घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी है, जिसमें दिख रहा है कि अपराधी कई लोगों को उस दिन मौत के घाट उतार देते, पंडित प्रमोद तिवारी के ऊपर प्राण घातक हमला किया गया है, अभी तक अपराधियों को नहीं पकड़ा गया। आरोपियों को पुलिस का खुला संरक्षण मिलने का आरोप लगाया गया है।





---

## जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय पोषण समिति, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई । कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रो में नियमित रूप से बच्चों को मीनू के आधार पर पोषण उपलब्ध कराया जाए । कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करते हुए उसे समुचित इलाज मुहैया कराया जाए । इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को गर्म पका हुआ नाश्ता, भोजन वितरित किया जाए । उन्होने जिला कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों के अभिभावको से मुलाकात करते हुए बच्चों,को स्कूल भेजने की समझाइश दी जाए एवं उनकी निरंतर रूप से काउंसलिंग भी की जाए , ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि जिले में 786 आंगनबाड़ी केन्द्र है । पोषण ट्रैकर मे कुल दर्ज 6 वर्ष के बच्चों की संख्या 43369 है । उन्होने बताया कि दर्ज 20812 गर्भवती महिलाओं में से 16728 महिलाओं को , 3974 धात्री महिलाओं में से 2947 महिलाओं को , 6 माह से 3 वर्ष के 3080 बच्चों मे से 2085 बच्चों को तथा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 30247 में से 17055 बच्चों को टीएचआर का लाभ वितरित किया जा रहा है । उन्होने बताया कि जिले में 107 बच्चो को मुख्य मंत्री बाल आर्शीवाद योजना का लाभ प्रदाय किया गया है । पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन से लाभांवित हितग्राहियों की संख्या 2 है । बालक बालिका को प्रवेश दिए के संबंध में एक बालक को बालक आश्रय गृह कटनी तथा एक बालिका को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है । बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से बीडी दीक्षित , जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशि गौतम, रवि सिंह, कृश्णा तिवारी, मधुलिका अग्रवाल रविशंकर तिवारी सदस्य, सदस्य सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में विधिक कार्यशाला संपन्न



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ऑफलाइन तथा ऑनलाईन माध्यम से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के 70 अधिकारी, कर्मचारियों को टाइगर ट्रस्ट संस्था द्वारा विधिक सहायता प्रदान करते हुए नव निर्मित कानून भारतीय न्याय संहिता-2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के नवीन प्रावधान एवं पुराने कानून जैसे सीआरपीसी,आईपीसी एवं साक्ष्य अधिनियम के साथ नए कानून पर तुलनात्मक दृष्टि से प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट-2000 पर जोर देते हुए सूचना प्रौद्योगिकी का अपराध अन्वेषण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने एवं अपराधी को सजा दिलाने में उत्पन्न होने वाली समस्या के समाधान पर भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। विधिक कार्यशाला में टाइगर ट्रस्ट संस्था की ओर से सुश्री अंजना गोसाईं, प्रदीप सिसोदिया, संजीव कडवाल एवं सुश्री शालिनी नायर द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक विधिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के सभी सत्रों में डॉ.अनुपम सहाय,क्षेत्र संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं पी.के.वर्मा, उपसंचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उपस्थित रहे । दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। आगामी कुछ माह में टाइगर ट्रस्ट संस्था एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में विधिक कार्यशाला को प्रायोगिक तौर पर भी आयोजित किया जाएगा जिससे और अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी इससे लाभान्वित हो सकेंगे एवं विधि संबंधी कार्य में आने वाली समस्याओं से बेहतर ढंग से निपट सकेंगे।

---

## 1 वर्ष से टूटी है भीआईपी गेस्ट हाउस भालूमाडा की बाउंड्री



### सिविल विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** एसईसीएल के अंतर्गत जमुना कोतमा में संचालित कॉलोनिया इन दोनों सिविल विभाग की लापरवाही से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं जिसमें ना तो नालियों की साफ सफाई हो रही है ना तो घरों का मरम्मत हो रहा है। यहां तक कि जो कार्य कराए जा रहे हैं वह पूर्णतः गुणवत्ता विहीन है और सेफ्टी टैंक की सफाई नहीं हो रही है छत टपक रहा है। यहां तक कि डबल स्टोरी में विशालकाय पीपल का वृक्ष घरों के ऊपर जम गया है जिससे श्रमिक भारी खतरा महसूस कर रहे है जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है जबकि कोल इंडिया को मिनी रत्न और महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त है लेकिन जमुना कोतमा क्षेत्र में इसका उल्टा देखा जा रहा है। सिविल विभाग की लापरवाही जो वर्तमान में उजागर हुई है उसमें सबसे महत्वपूर्ण स्थान भीआईपी गेस्ट हाउस की बाउंड्री 1 वर्ष से टूटी हुई है जिसे मरम्मत के लिए भी आई पी गेस्ट हाउस में कार्यरत कर्मचारी इंचार्ज ने कई बार सिविल विभाग व महाप्रबंधक को जानकारी दी है की बाउंड्री वॉल की मरम्मत कराया जाए अन्यथा कभी भी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया जा सकता है लेकिन सिविल विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है। समय रहते अगर बाउंड्री का निर्माण नहीं कराया गया तो कोई गंभीर अप्रिय घटना घट सकती है। क्षेत्र के लोगों ने श्रम संघ प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के महाप्रबंधक व उच्च अधिकारियों से इस और तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग किया है।

#### इनका कहना है

भी आई पी गेस्ट हाउस का बाउंड्री वॉल पिछले 1 वर्ष से कई जगह से टूटा हुआ है चोरी की पूरी संभावना है हमने इसकी कई बार लिखित जानकारी एस ओ सिविल को दिया है लेकिन एस ओ सिविल द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।

**मृगेंद्र सिंह संचालक**
**केयरटेकर व्हीआईपी गेस्ट हाउस**

**********************

व्हीआईपी गेस्ट हाउस का बाउंड्री वॉल टूटा हुआ है इसकी जानकारी हमें है और हमने प्रपोजल बनाकर ऊपर भेज दिया है जैसे ही वह पास होगा बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जाएगा। हमारे यहां प्रक्रिया में बहुत टाइम लगता है

**अमित, ओवरसीज**
**कोतमा गोविंदा क्षेत्र**

**********************

गेस्ट हाउस का पिछले 1 वर्ष से बाउंड्री वॉल टूटा हुआ है इसकी जानकारी हमें है हमने उसकी प्रक्रिया चालू कर दिया है जैसे ही टेंडर हो जाएगा वह बन जाएगा। रही बात वहां पर चोरी होने की तो वहां पर गार्ड की ड्यूटी रहती है।

**पीके द्विवेदी, एसओ सिविल**
**जमुना कोतमा क्षेत्र**

---

### कोल इंडिया की नई नीति

## जमीन अधिग्रहण के बदले मिलेगा 1 करोड़ 20 लाख का मुआवजा

#### अन्य अनुषंगी कंपनियों में भी जमीन अधिग्रहण के बदले नई नीति हो सकती है लागू

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** कोयला खदानों में जमीन अधिग्रहण के बदले पहले दो एकड़ जमीन पर एक नौकरी देने का प्रावधान था। अब नौकरी नहीं लेने पर जमीन देने वालों को उस इलाके की जमीन की सरकारी मूल्य के आधार पर राशि मिलेगी। इसके अलावा, प्रत्येक एकड़ पांच लाख के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। नई नीति में नौकरी नहीं लेने वालों को दो एकड़ जमीन पर न्यूनतम 89 लाख और अधिकतम 1.20 करोड रुपये भुगतान का नियम लागू किया गया है। उल्लेखनीय है, कि कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड ने भूमि अधिग्रहण के प्रति ग्रामीणों को आकर्षित करने के लिए अपनी नीति में बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव किया है। इस क योजना के लागू हो जाने के बाद जमीन देने वालों को अधिक आर्थिक मजबूती मिल सकती है। ईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बदले मुआवजा के निए नियम के सफल होने से इसे अन्य अनुषंगी कंपनियों में भी लागू किया जा सकता है। न्यूनतम और अधिकतम राशि उस इलाके की जमीन की कीमत पर तय होगी। इसके अलावा, दूसरी नीति के तहत जमीन देने वाला यदि एक मुश्त जमीन का पैसा नहीं लेता है, और नौकरी भी नहीं लेता है, तो उसे प्रति एकड़ 5 लाख रुपये के साथ पेंशन की राशि को बढ़ाकर 44 हजार कर दिया गया है और यह अब 30 वर्ष नहीं, बल्कि 45 साल तक मिलेगी। इसमें हर साल एक प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। इतना ही नहीं, इस कालखंड में अगर जमीन देने वालों की मौत हो जाती है, तो उसके आश्रित को यह पेंशन उतने दिनों तक मिलती रहेगी। कोल इंडिया बोर्ड की बैठक में इसकी मंजूरी मिल गई है। यह नई नीति जमीन देने वालों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगी और उनके जीवन स्तर में सुधार लाएगी।

### पुल के ऊपर बह रहा पानी, जान जोखिम में डाल पार कर रहे लोग



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से हो रही झमाझम बारिश में जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण आम जनजीवन भी खासा प्रभावित हो रहा है। कोतमा से केशवाही मेन रोड में मुरधवा पंचायत अंतर्गत गोडारु नदी के ऊपर पुलिया में रविवार को पूरे दिन दो फीट ऊपर तक पानी बहने के बाद भी लोग जान जोखिम में डालकर पैदल, दो पहिया, चार पहिया वाहन, सहित अन्य साधनों से पुलिया पार करते नजर आए। बताया जाता हैं जोखिम भरा सफर होने के बाद भी सैकड़ों लोग आवाजाही करते रहे। गांव के सरपंच हीरालाल के अनुसार शुक्रवार से लेकर रविवार तक हुई रुक रुककर बारिश के कारण रविवार को पानी पुलिया के ऊपर बहता रहा। राहगीरों को पार ना करने की समझाइस के बाद भी लोग जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करते रहे। रविवार बाजार होने के कारण कोतमा जाने वालो की संख्या ज्यादा रही। मुरधवा एवं जमगांव पंचायत के मध्य गोंडारु नदी के ऊपर पानी का तेज बहाव देखा गया है, लेकिन ग्रामीण मजबूरीवश उसी से आवागमन करते रहे। कोई दूसरा वैकल्पिक मार्ग ना होने के कारण लोग परेशान रहे। देर शाम सूचना के बाद थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला द्वारा पुलिस टीम को भेजकर मुआयना किया गया। सोमवार को भी पुलिस लगातार गस्त करती रही। पंचायत द्वारा बोर्ड लगाने की बात कही जा रही है।

### मारपीट का मामला पहुंचा थाने

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में रविवार की रात को बस स्टैंड के पास ठेला लगाने वाले गोविंद सोनी एवं उसके नाती शुभम सोनी 18 वर्ष के साथ आशीष सोनी, राकेश सोनी दोनों निवासी बस्ती पीपल चौक के द्वारा विवाद करते हुए अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किए जाने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। मारपीट से आहत शुभम सोनी उसके नाना गोविंद सोनी एवं मामा अनिल की चोटों पर मेडिकल रिपोर्ट एवं थाने में दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि रविवार की रात को आशीष सोनी एवं राकेश सोनी द्वारा गोविंद सोनी के ठेले से कुछ सामग्री मांगी गई जिसे घर से लाकर देने की बात कहने पर विवाद हो गया और जमकर हाथापाई हुई। दोनों आरोपियों के द्वारा शुभम सोनी उसके नाना व मामा को जमकर मारपीट कर दिया। घटना की सूचना पर रात में ही पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार कराया एवं रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### जिले के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के नवीन पदस्थापना आदेश



**अनूपपुर।** जिले में प्रशासनिक एवं कार्यालय कार्य व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के नवीन पदस्थापना के आदेश दिये हैं। इस बदलाव में जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार प्रभावित हुए हैं। जिसमें कोतमा तहसीलदार ईश्वर प्रधान को अनूपपुर तहसीलदार बनाया गया है। नायब तहसीलदार दशरथ सिंह को प्रभारी तहसीलदार जैतहरी, संजय जाट को जैतहरी से पुष्पराजगढ़, मंगलदास चक्रवर्ती नायब तहसीलदार अनूपपुर वृत फुनगा को पुष्पराजगढ़ तहसील के अमरकंटक वृत, कौशलेंद्र शंकर मिश्रा पुष्पराजगढ़ वृत अमरकंटक से फुगना, धनीराम सिंह ठाकुर पुष्पराजगढ़ वृत दमेहडी से बिजुरी, राजेंद्र दास पनिका बिजुरी से दम्हेरी, रमाकांत तिवारी को तहसीलदार कोतमा स्थानांतरित किया गया है।

### कार -बाईक में आमने-सामने की भिड़ंत दो की मौत

**अनूपपुर।** भालूमाडा थाना अंतर्गत बदरा गौडारू नदी के पास रविवार को दो पहिया वाहन एवं कार की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक में सवार दोनों चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। भीषण सड़क हादसे में जहां टू व्हीलर के परखच्चे उड़ गए वहीं कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी अनुसार भालूमाडा थाना अंतर्गत बदरा गौडारू नदी के पास रविवार को दो पहिया वाहन एवं कार की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक में सवार अमलाई निवासी दोनों चचेरे भाइयों में एक की मौके पर तो दूसरे कि चिकित्सालय मृत्यु हो गई। सड़क हादसे में जहां बाईक के परखच्चे उड़ गए वहीं कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर ही 38 वर्षीय राकेश सिंह गोंड की मौत होने का बाद वाहन चालक फरार हो गया। जबकि दूसरा घायल 44 वर्षीय कृष्ण पाल सिंह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना पर शिवांश सिंह ने मौके पर घायल कृष्ण पाल सिंह को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था।

### कलेक्टर ने की विभागवार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। कलेक्टर ने 06 जुलाई को जिले में हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का संबंधित अधिकारियों से आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सडक़ योजना, जल संसाधन विभाग सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले की सडक़ों तथा पुल-पुलियों का निरीक्षण करें तथा जहां भी वर्षा के कारण संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनका आकलन कर प्रतिवेदन तैयार करें।बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## या हुसैन के नारों तथा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के उद्घघोष के साथ

# ईरानी धर्मावलंबियों ने निकाला मातमीं जुलूस



हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में नगर के ईरानी इमामबाड़ा से मातमीं जुलूस निकाला गया।

**बुढार।**

ईरानी धर्मावलंबियों द्वारा या हुसैन के नारों का गूंजायमान तथा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के नारों का उदघोष करते हुये तथा छाती पीटते हुये शोक और गम का मातम मनाते हुये विशाल मातमीं जुलूस ताजिये के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर निकाले और मातमीं जुलूस को देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा।

मोहर्रम के मौके पर नगर सुरक्षा की दृष्टि से नगर निरीक्षक संजय जायसवाल के मार्गदर्शन में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था जुलूस में रही।

हजरत इमाम हुसैन जो कर्बला की एक लड़ाई में शहीद हुये, उनका मुख्य उद्देश्य यह रहा कि - जुल्म खत्म हो और इंसानियत जिंदा रहे, मैं जिंदा रहूं या ना रहूं,। उनके शहादत को याद रखनें गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ईरानी इमामबाड़ा से मौलाना सैयद मोनिस के तकरीर उपरांत मातमीं जुलूस नगर के स्टेशन चौक, कोतमा मार्ग, अमलाई चौक, बस स्टैंड, नगर पालिका मार्ग सिंधी बाजार होते हुये वापस ईरानी इमामबाड़ा पहुंचा और जुलूस का परंपरानुरूप विसर्जन किया गया। मातमी पर्व पर - मौलाना सैयद मोनिस, खानू हुसैन, मुनव्वर अली, शाहपुर अली, शराफत अली, फिरोज अली, चंगे अली, राशिद अली, गुलहसन, समीर, अली खान, हसन, शाहिद हुसैन, अबुल हसन, सोहेल हुसैन, मुस्तफा, सिराज अली, शाजमान अली, माशाल्लाह साहिल हुसैन सहित भारी संख्या में ईरानी धर्मावलंबी जुलूस में सम्मिलित रहे।

## मोहर्रम में निकाली गई ताजिया मुस्लिम समाज ने मनाया शोक



**ब्यौहारी** नगर परिषद के अंतर्गत मोहर्रम पर मुस्लिम समाज द्वारा ताजिया निकाली गई एवं मोहम्मद हुसैन की यादों से संबंधित अवशेषों को कर्बला शरीफ सूखा तिराहा तक ले जाया गया ताजिया को मस्जिद में रखा गया मुस्लिम समाज मोहर्रम को मोहम्मद हुसैन की याद में मनाया जाता है उनके बलिदान को याद किया जाता है जो 680 ईस्वी में दक्षिणी इराक के कर्बला जिले में मोहम्मद हुसैन यजीद की सेना से लड़ते हुए शहीद हो गए थे वह पैगंबर मोहम्मद के नवासे हैं उनके इस बलिदान को सिया सुन्नी दोनों मुसलमान मनाते हैं जहां सुन्नी मुसलमान शोक के रूप में मनाते हैं जुलूस निकालते हैं वही सिया मुसलमान इसको शहादत दिवस के रूप में मनाते हैं रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं यजीद की फौज से लड़ते हुए मोहम्मद हुसैन का पूरा परिवार शहीद हो गया था। ताजिया जुलूस में मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## धनपुरी में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना अल नूर दरबारबीस

### वर्षों से जारी है बाबा की सवारी की परंपरा, मांगी मुरादें होती है पूरी





**धनपुरी।**

नगर के आज़ाद चौक वार्ड क्रमांक 19 स्थित अत्तौलिया परिवार के निवास पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 6 जुलाई को अल नूर दरबार का आयोजन धूमधाम से किया गया। दोपहर 4 बजे दरबार में बाबा की सवारी निकाली गई, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने श्रद्धा और विश्वास के साथ हिस्सा लिया।करीब 20 वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन हो रहा है। रवि कुमार अत्तौलिया हर वर्ष बाबा की सवारी निकालते हैं। मान्यता है कि जो भक्त बाबा से मुराद मांगता है, उसकी हर इच्छा पूरी होती है। यही वजह है कि बाबा के दरबार में हर साल श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।बाबा की सवारी आती है हिंदू को, मगर भरोसा है सभी कोइस परंपरा की खास बात यह है कि बाबा की सवारी किसी मुस्लिम को नहीं, बल्कि एक हिंदू को आती है। फिर भी, बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में दरबार पहुंचते हैं। बाबा की सवारी के दौरान जब बाबा 'हाजिर' होते हैं, तब वहां मौजूद सभी की मुरादें पूरी होने की मान्यता है। हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल यह दरबार हर वर्ष पेश करता है। यही कारण है कि यह आयोजन नगर में साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बन गया है।मोहर्रम में भी भाईचारे की अनूठी झलकमोहर्रम के पावन अवसर पर इस बार भी इमामबाड़ा कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार और तकरीर के कार्यक्रम 1 से 10 मोहर्रम तक आयोजित किए गए। आलमगंज, अमराईडंडी, नरगड़ा मोहल्ला, बुढ़ार वार्ड क्रमांक 15 सहित अनेक क्षेत्रों से ताजिए बनाए गए और उन्हें आज़ाद चौक स्थित इमामबाड़ा में लाया गया। शाम 8 बजे सभी ताजिए नगर पालिका के समीप स्थित कर्बला में परंपरागत रूप से ठंडी (विसर्जित) किए गए।लंगर और इफ्तार में दिखी सेवा भावनाइमामबाड़ा के सामने लंगर कमेटी द्वारा लंगरे आम का आयोजन किया गया। साथ ही जानू कॉम्प्लेक्स के सामने मैदान में दारूल उलूम मुजाहिद-ए-मिल्लत, कच्ची मोहल्ला, और हुसैनी कमेटी विलियस नंबर 1 द्वारा भी लंगर वितरण किया गया।अखाड़ों के करतब आकर्षण रहा मोहर्रम के जुलूस में ताज अखाड़ा कमेटी नरगड़ा मोहल्ला और हुसैनी अखाड़ा कमेटी के युवाओं ने लकड़ी बाजी, तलवारबाजी और अन्य हैरतअंगेज़ करतब पेश किए।

## आचार्य शैलेश शर्मा का विदाई समारोह संपन्न



**ब्यौहारी**

नगर परिषद के अंतर्गत शिवालय पैलेस में रिटायर्ड प्राचार्य शैलेश शर्मा का विदाई समारोह संपन्न हुआ शैलेश शर्मा मनगवां तहसील के ग्राम डेल्ही के रहने वाले हैं एवं पूर्व मंत्री पंडित राम किशोर शुक्ल के दामाद हैं उनके विदाई समारोह में भारी संख्या में शिक्षक एवं नगर जन शामिल हुये जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा के प्रदेश मंत्री राजेश पांडे,संतोष शुक्ला कांग्रेस नेता, संजय शुक्ला पार्षद, रीतेश श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला,अलका शुक्ला,मनोज केशेरवानी बीआरसीसी राजकुमार चतुर्वेदी सहित 500 लोगों विदाई कार्यक्रम में शामिल हुए।

## विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

### प्रकृति की रक्षा एवं ज्ञान परंपरा का संरक्षण पर आधारित रहा समारोह



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए दीक्षारंभ समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस वर्ष का कार्यक्रम विशेष रूप से प्रकृति की रक्षा एवं ज्ञान परंपरा का संरक्षण की थीम पर केंद्रित रहा। समारोह का उद्देश्य छात्रों को न केवल अकादमिक जीवन में आगे बढ़ाने, बल्कि भारतीय संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन एवं शाश्वत ज्ञान परंपराओं के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती अर्चना से हुआ, जिसमें छात्रों ने ज्ञान की देवी से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने शिक्षण जीवन की पवित्र शुरुआत की। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक चंदन तिलक और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

डॉ. मनीषा शुक्ला ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोधात्मक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नवाचार, अनुसंधान एवं मूल्यों पर आधारित शिक्षा की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके उपरांत प्रो. प्रमोद पाण्डेय ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन देते हुए उन्हें अनुशासन, सत्यनिष्ठा एवं आत्मविश्वास के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। कुलपति प्रो. रामशंकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का केवल केंद्र नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, प्रकृति एवं परंपरा का संवाहक भी है। विद्यार्थियों को न केवल डिग्री प्राप्त करनी है, बल्कि अपने हस्ताक्षर से समाज में एक सकारात्मक पहचान बनानी है।

उन्होंने हस्ताक्षर की महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि हस्ताक्षर केवल पहचान का साधन नहीं, अपितु उत्तरदायित्व, संकल्प और व्यक्तित्व की छवि है। जब कोई छात्र अपने विचार, आचरण एवं कर्तव्यों पर हस्ताक्षर करता है, वह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाता है। विशेष रूप से नवप्रवेशित छात्रों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधा गया, जो गुरु-शिष्य परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और कर्तव्यबोध का प्रतीक बनकर उपस्थित रहा। समारोह का भावपूर्ण संचालन डॉ. बृजेंद्र पाण्डेय ने किया, जबकि समापन अवसर पर प्रो. गीता सराफ ने सभी अतिथियों, संयोजकों, शिक्षकों और छात्रों के प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में डॉ. चेतना सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ. प्रवीण शर्मा सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दीक्षारंभ समारोह विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें ज्ञान, पर्यावरण और संस्कृति के त्रिवेणी संगम के माध्यम से छात्रों को एक समर्थ और संस्कारी नागरिक बनाने का संकल्प निहित है।

## सांसद के पत्र पर डेढ़ साल के बाद भी अमल नहीं, टोग्हा घाट में बाढ़ के बाद खुली पोल



**उमरिया।** बिरसिहपुर पाल उमरिया शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने उमरिया जिले के पाली विकास खंड की ग्राम वासियों की बुनियादी मांगो की पूर्ति के लिए उमरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी को अपने लेटर हैड में पत्र क्र 937/2024 दिनांक 17-1-24 के माध्यम से मनरेगा मद से पांच कार्यो को कराने के निर्देश जारी किया गया था, लेकिन उनमें से एक भी कार्य को जिला पंचायत के व्दारा अपने कार्य योजना में शामिल नहीं किया गया। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह जुझते नजर आ रहें हैं। बताया जाता है कि जनपद पंचायत पाली के मुदरिया ग्राम पंचायत के तीन कार्य और सुन्दर दादर ग्राम पंचायत के दो कार्य शामिल थे, जिनमें से एक काम का न होना जहाँ एक तरफ लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं वहीं पर दुसरी ओर शहडोल संसदीय क्षेत्र के पत्र पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी कितना महत्व देते हैं इसकी असलियत भी खुलकर सामने आ गयी है। कहाँ जाता है कि जिला पंचायत में जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा का पहला मौका नहीं है, जिला पंचायत के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा व्यवहार के आदी ही है, वह जिला पंचायत में अपने मनमर्जी का राज कायम कर रखे है और सांसद-विधायकों के पत्र आते रहते हैं उन पर अमल करना वह कदापि उचित नहीं समझते, यह पत्र तो एक मिशाल हैं। विदित होवे की ग्राम पंचायत मुदरिया के बरम टोला में कमराई नदी में टोग्हा घाट में पुल निर्माण का कार्य कराये जाने हेतु सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के व्दारा पत्र लिखने के बाद भी काम नहीं कराये जाने से गांव के लोगों का आवागमन बरसात में बाधित हो जाता है। क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड रहा है। वर्तमान में लोग अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। खेद जनक कहा जाये की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह भी एक बार पत्र लिखकर अपने कर्तव्यों से मुक्त हो गयी , अगर लिखे गए पत्रो की समयानुसार समीक्षा की जाती तो प्रशासनिक अधिकारियों की मजाल क्या की उनके पत्रो को रद्दी की टोकरी में डालकर चैन की नींद सो जाते। क्षेत्रीय नागरिकों ने अपेक्षा की है की प्रशासनिक सामंजस्य बनाकर अपने पत्र पर अमल कराने की आवश्यक पहल करेंगी ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सकें।

## बीएमएस के परिचय वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कार्यकर्ताओं में संगठन की जानकारी बराबर बनी रहे इसको लेकर भारतीय मज़दूर संघ के द्वारा जिले का परिचय वर्ग आयोजित किया गया। वर्ग में संघ का परिचय, संघ की कार्यपद्धति,वर्ष भर मनाए जाने वाले प्रमुख एवं अनिवार्य कार्यक्रम,पंच परिवर्तन, नारे, गीत,संगठन का ध्वज जैसे विषयों को रखा गया। इन सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। परिचय वर्ग के मुख्य वक्ता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कमलेश पटेल रहे।

मुख्य वक्ता के द्वारा बीएमएस की स्थापना के पीछे का उद्देश्य से लेकर,स्थापना काल और वर्तमान समय में संगठन की स्थिति के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया गया। कार्यकर्ताओं की श्रेणी के अनुसार प्रदेश एवं जिले स्तर पर संगठन इस तरह के आयोजन करता रहता है ताकि कार्यकर्ताओं के पास जानकारी समय समय पर अपडेट होती रहे जिसका मूल उद्देश्य संगठन की विचारधारा को बनाये रखना है।

परिचय वर्ग का आयोजन सिविल लाइन में किया गया जिसमें जिले में कार्यरत संघ के विभिन्न

### 15 अगस्त से 15 सितंबर तक अभियान के रूप में किया जाएगा पौधारोपण

## एक बगिया माँ के नाम के महिला हितग्राहियों की निजी भूमि पर होगा उद्यानिकी पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रेरणा से उद्भूत परिकल्पना के अनुक्रम में एक बगिया माँ के नाम₹ परियोजना के अंतर्गत मानसून सीजन 2025 में स्व-सहायता समूह की पात्र महिला हितग्राहियों की निजी भूमि पर उद्यानिकी पौधारोपण किया जाना है। परियोजना अंतर्गत हितग्राही की पात्रता का परीक्षण मनरेगा अंतर्गत एनुअल मास्टर सर्कुलर द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार किया जाएगा। यह परियोजना छोटे, मध्यम एवं सीमांत कृषकों की भूमि पर उद्यानिकी फसलों के रोपण को प्रोत्साहित करेगी, जिनके उत्पादन और विपणन से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

इस परियोजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में पौधारोपण 15 अगस्त से 15 सितंबर, 2025 तक एक अभियान के रूप में किया जाएगा, परन्तु पौधारोपण कार्य, किसी विशेष तिथि पर न किया जाकर सिपरी सॉफ्टवेयर द्वारा सुझाए समयानुसार ही किया जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य, जो स्वयं की भूमि पर फलदार पौधारोपण करने हेतु इच्छुक हो, उसका चयन किया जाएगा। चयनित महिला हितग्राही के नाम पर भूमि नहीं होने की दशा में उस महिला के पति, पिता या ससुर की भूमि पर उनकी सहमति के आधार पर पौधारोपण किया जा सकेगा। चयनित हितग्राही के पास पौधारोपण हेतु न्यूनतम 0.5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है। परन्तु परियोजना अंतर्गत अधिकतम 1 एकड़ भूमि पर ही कार्य किया जा सकेगा। हितग्राही का चयन ₹एक बगिया माँ के नाम₹ एपके माध्यम से किया जाएगा।हितग्राहियों का चयन इस प्रकार किया जाएगा कि परियोजना अंतर्गत पौधारोपण फलोद्यान क्लस्टर के रूप में विकसित हो सके। एक बगिया माँ के नाम₹ एपके माध्यम से चयनित हितग्राही की भूमि का चयन सिपरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। सिपरी साफ्टवेयर द्वारा पौधारोपण हेतु उपयुक्त दर्शित भूमि पर ही इस परियोजना के अंतर्गत कार्य स्वीकृत किये जा सकेंगे। यदि सिपरी सॉफ्टवेयर द्वारा स्थल को पौधारोपण हेतु उपयुक्त नहीं बताया गया हो तो उस स्थल पर कार्य स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इस परियोजना अंतर्गत पौधारोपण की क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत होंगी। ग्राम पंचायत संबंधित हितग्राही के कार्य हेतु जारी की गई तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति की शर्तों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक काम समय-सीमा से करायेगी।

# एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव हुये बरामद

# रपटा पार करते समय बही कार





लगातार तीन दिन से हो रही भारी बारिश से जहां जिला पूरी तरह जलमग्न हो चुका था। इस दौरान जिले को झकझोर देने वाली घटना हुई जहां एक ही परिवार के चार सदस्य जो अमरकंटक से घूमकर वापस अपने घर अनूपपुर आ रहे थे। अत्यधिक वर्षा के कारण मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बडहर के सजहा मे रपटा पर अत्यधिक पानी के बहाव मे एक कार देर शाम करीब 7 बजे बह गई जिसमे एक ही परिवार के चार सदस्यों की जल समाधि हो गई।



## काल के गाल में समाया पूरा परिवार, रोजगार सहायक, सचिव व पटवारी पर कार्यवाही के कलेक्टर ने दिये निर्देश

## देर रात तक कलेक्टर एसपी के नेतृत्व मे नदी पर चलता रहा सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

देर रात तक कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी प्रशासनिक अमले के साथ पूरी रात सर्चिंग कर जलमग्न हुये परिवार के सदस्यों की खोज करते रहे। जबकि देर रात केवल एक ही शव मिल पाया, सुबह होते होते एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम की सर्चिंग सफलता की ओर पहुंची और तीन और शव रपटा से करीब 8 से 9 किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया, जबकि पुल से बही कार पूरी तरह से पानी के बहाव व पत्थरों की ठोकर से तहस नहस हो गई थी। जिले की इस दुखद घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया।

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर अमरकंटक रोड पर सजहा नाले में एक कार रात में बह गई। कार में पति-पत्नी और दो बच्चे सवार थे। जिसे एसईसीएल कर्मी 38 वर्षीय चंद्रशेखर यादव चला रहें थे। कार में पत्नी 37 वर्षीय प्रीति यादव, 8 वर्षीय बेटा रेयांश और बेटी 2 वर्षीय शिवी की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को चारों के शव बरामद कर लिए हैं। इस ह्दय विदारक घटना से लोग स्तब्ध हैं।

### जिला चिकित्सालय पहुंच मंत्री ने परिजनों को दी सांत्वना

परिवार को ढांढस बंधाने के लिए मध्य प्रदेश कुटीर एवं ग्राम उद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। दिलीप जायसवाल ने पीड़ित परिवारों को विधायक निधि से 25,25 हजार रुपए देने की घोषणा की हैं। जानकारी अनुसार चंद्रशेखर यादव मूल रूप से बाबा कालोली बदरा के रहने वाले थे। वह सोहागपुर एसईसीएल में फोरमैन के पद पर कार्य करते थे। रविवार छुट्टी का दिन था, इसलिए परिवार के साथ अमरकंटक घूमने गए थे। हादसा रात करीब 7 बजे हुआ। वापसी के दौरान जब सजहा पुल पर पानी का बहाव तेज था। दोनों तरफ कई वाहन रुके थे। लोगों ने चंद्रशेखर को भी पुल पार न करने की सलाह दी, लेकिन एक बस के पुल पार करने के बाद चंद्रशेखर ने भी हिम्मत कर कार आगे बढ़ाई। इसी दौरान पुल का एक हिस्सा टूट गया और तेज बहाव में कार बह गई। पुलिस ने सोमवार दोपहर चंद्रशेखर और उनके दो बच्चों का शव बरामद किया। रविवार देर रात पत्नी प्रीति का शव मिल चुका था। ज्ञात हो कि जिले में तीन दिनों से भारी बरसात के कारण नदी लाने ऊफान पर हैं।

### पुल पार करने से लोगो ने किया था मना

प्रत्यक्षदर्शी जसमत सिंह बंजारा ने बताया कि पुलिया में पानी ज्यादा होने के कारण पहले एक कार आई, जिसे आसपास के लोगों ने निकाल लिया था। उसके थोड़ी देर बाद एक बस निकली। बस के पीछे ही चंद्रशेखर यादव कार सवार अपने परिवार के साथ तेज बहाव में पुलिया पार करने लगे। पास ही स्थित वेयरहाउस के कर्मचारी उन्हें पुलिया पार करने के लिए बार-बार मना कर रहे थे।

## रोजगार सहायक, सचिव व पटवारी पर होगी कार्यवाही

अनूपपुर निवासी चंद्रशेखर यादव अपनी पत्नी प्रीति और दो बच्चों के साथ रविवार को अमरकंटक गए थे। प्रीति यादव जिला चिकित्सालय में नर्स के पद पर कार्यरत थीं। प्रीति का शव रविवार को घटनास्थल से 5 किमी दूर मिला था। जबकि पति और दो बच्चों के शव सोमवार को 9 किमी के दायरे में मिले। जानकारी अनुसार सोमवार की समय सीमा बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने घटना नाराजगी व्यक्ता करते हुए ग्राम औढ़ेरा के पटवारी संजीव सिंह, पंचायत सचिव कल्याण सिंह एवं रोजगार सहायक पर कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिये हैं।

## देर रात तक घटना स्थल पर मौजूद रहे कलेक्टर, एसपी

घटना की सूचना मिलते ही सजहा नाले के पास कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक पहुंचे व देर रात तक घटना स्थल का जायजा लेकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान जिस बस को देखकर कार सवार ने रपटे से कार को निकालने की कोशिश की उस बस व बस चालक पर भी कलेक्टर ने कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। जानकारी के मुताबिक आजाद ट्रेवल्स की बस बजाग से अनूपपुर आ रही थी जो घटना स्थल मे कार से पहले निकली थी।

### आपत्तियों के बाद भी नाले मे बना दिया था वेयर हाऊस

कुछ वर्ष पूर्व तमाम आपत्तियों के बावजूद सजहा नाला के बडे हिस्से को अवैध तरीके से पाट कर यहाँ वेयर हाऊस बना दिया गया। जिसके कारण पहली बार बाढ का पानी पुलिया से ऊपर जा पहुंचा। लोगों का मानना है कि यदि नाला का भराव ना किया गया होता तो यह स्थिति नहीं होती।

### पौधे फंसने से रपटा के ऊपर आया पानी का बहाव

जसमत सिंह बंजारा ने बताया कि शाम करीब 6 बजे पुलिया में पानी ऊपर तक आ गया था। पुलिया में पेड़-पौधे फंसने की वजह से पानी सड़क पर आया। पानी का बहाव इतना तेज था कि हमें घर से सामान निकालने का मौका नहीं मिला। घर का दरवाजा लगाकर पास ही स्थित एक पक्के मकान की छत पर चढ़ गए। इसी दौरान हमने ये हादसा देखा। जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर यादव की माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका था। चंद्रशेखर यादव अपनी परिवार के साथ अनूपपुर में रहता था। इस दुर्घटना में पूरा पारिवार खत्म हो गया। पत्नी प्रीति यादव की माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हैं। वह अपने बेटी और दामाद, बच्चों का शव देखने के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचे। परिवार को सांत्वना देने के लिए मध्य प्रदेश कुटीर एवं ग्राम उद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल भी जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। दिलीप जायसवाल ने पीड़ित परिवारों को विधायक निधि से 25-25 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### बाढ़ का पानी अधिक होने पर रपटे या पुल, पुलिया पार न करने की अपील

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि वर्षा के दौरान सड़क पर या किसी पुल-पुलिया में बाढ़ का पानी तेजी से आ रहा हो, तो नागरिक उसमें आने-जाने से बचें। जोखिम पूर्ण यात्रा करने से बचे। सजग रहें और सावधानी बरतें। उन्होंने कहा है कि ऐसे नाले, रपटे, छोटे-बड़े पुल-पुलिया जहां बारिश का जल तेजी से बढ़ता है और दुर्घटना की आशंका रहती है, वहां पर भी सुरक्षा की अतिरिक्त सावधानियां बरती जाएं। वर्षा के चलते किसी भी प्रकार के जान-माल की नुकसानी न होने पाए, हम सबका यही प्रयास होना चाहिए। कलेक्टर ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग जाने वाले विद्यार्थियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी स्कूल, कॉलेज, कोचिंग जाते समय बेहद सावधानी बरतें। यदि कहीं भी पानी का भराव या पुल-पुलिया के पार पानी आता दिखाई दे तो वहां से आवागमन न करें।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण 10, 11 एवं 12 जुलाई को

अनूपपुर। जिले के तीनों विधानसभाओं के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर के प्रशिक्षण की समय-सारणी निधार्रित की गई है। समय-सारणी के अनुसार 86-कोतमा विधानसभा के बीएलओ का प्रशिक्षण 10 जुलाई को शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा में, 87-अनूपपुर विधानसभा के बीएलओ का प्रशिक्षण 11 जुलाई को एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर में तथा 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा के बीएलओ का प्रशिक्षण 12 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखौरा में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्षल पंचोली ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थल में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

### निरीक्षण में दो मेडिकल स्टोर में मिली कमियों पर नोटिस जारी



अनूपपुर। मध्य प्रदेश शासन खाद्य एवं औषधि प्रशासन के दिशा निर्देश के पालन में जिला मुख्यालय अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 1 सामतपुर में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र तथा कोतमा विकासखण्ड के राजनगर स्थित श्री राम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण ड्रग इंस्पेक्टर अनूपपुर द्वारा किया गया निरीक्षण में कई कमियां परिलक्षित हुई है। दस्तावेजो का भी संधारण नही पाया गया। संबंधितों को औषधि एवं प्रशासन सामग्री नियमावली 1945 के नियम 66 के अंतर्गत औषधि और अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

### अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने कंट्रोल रूम स्थापित

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने तथा आपदा प्रबंधन के तहत सुरक्षात्मक उपायों के लिए जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम कलेक्टर कार्यालय में स्थापित किया गया है।

## कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर के लिए डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है एवं परिशांति भंग होने की संभावना बनी हुई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के परिसर में ध्वनि विस्तार यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन सौपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार (मेनगेट) पर ही शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए व्यक्ति/संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोई भी दल/संगठन/आंदोलनकारी व्यक्ति, जुलूस/आमसभा या नारेबाजी/ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिवस पूर्व अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेंगे और निर्धारित स्थल पर ही उक्त गतिविधियां करेंगे। प्रतिबंधात्मक आदेश में उल्लेखित किया गया है कि आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

## लोकेश्वर प्रसाद ने दूसरे पक्ष से सांठ-गांठ करने का फुनगा पुलिस पर लगाये आरोप

# पुलिस महानिरीक्षक को शिकायत देकर की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

लोकेश्वर प्रसाद पिता जानकी प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम व पोस्ट बम्हनी द्वारा पुलिस महा निरीक्षक संभाग शहडोल पुलिस चौकी फुनगा को दिये गये आवेदन पर कार्यवाही न किये जाने के संबंध मे शिकायती आवेदन दिया है। शिकायत मे बताया गया कि आवेदक लोकेश्वर प्रसाद पिता जानकी प्रसाद मिश्रा के द्वारा अनावेदक उत्तम लाल पटेल, सूरजभान पटेल, बृजभान पटेल के खिलाफ पुलिस चौकी फुनगा व पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के यहां आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें पुलिस चौकी फुनगा पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि आवेदक के पुत्र के विरुद्ध 107 व 116 की कार्यवाही की गई जबकि आवेदक का पुत्र घटना के समय वहां पर उपस्थित नहीं था और न ही आवेदक के पुत्र के द्वारा कोई विवाद किया गया था। सउनि कोमल अरजरिया के द्वारा अनावेदक के साथ सांठ-गांठ करते हुए अनावेदक को लाभ पहुंचाया गया है जिसमें आवेदक की भूमि पर अनावेदक के द्वारा जबरन जे.सी.बी चलाकर गढ़ढा खोद कर मोड को तोड दिया और व पानी के रास्ते को बंद कर दिया और अब अनावेदक उस भूमि पर फसल बोकर कब्जा करना चाहता है और अनावेदक के हौसले बुलंद हैं वह बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। जबकि उपरोक्त भूमि का विवाद माननीय आयुक्त शहडोल के यहां अंतिम आदेश के लिए नियत है और



आवेदक द्वारा बार-बार चौकी में बताया जा रहा है अनावेदक भूमि के स्वरूप को परिवर्तन करने में लगा है तब तक अंतिम आदेश नहीं आ जाता है तब तक अनावेदक भूमि के स्वरूप को परिवर्तन करने में रोका जाए, लेकिन पुलिस चौकी फुनगा के सहायक उप निरीक्षक कोमल अरजरिया के द्वारा अनावेदक को सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिसके कारण अनावेदक हिम्मत बढी हुई है और आए दिन अनावेदक विवाद कर रहा है। प्रार्थी ने कहा कि फुनगा चौकी में पदस्थ कोमल अरजरिया सहायक उप निरीक्षक को उक्त आवेदन की जांच से बाहर कर अन्य अधिकारी से जांच कराये जावे तथा 29.03.2025, 19.06.2025, 14.03.2025. 24 06.2025 को दिये गये आवेदन को कार्यवाही करते हुए अंतिम आदेश तक अनावेदक को उक्त भूमि में किसी प्रकार का भूमि स्वरूप को परिवर्तन को रोका जाए एवं उपरोक्त दिनांक को दिये गये आवेदन पर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज करने की कृपा करें।

## सभी अधिकारी तत्परता एवं गंभीरता से वर्षा जनित आपदाओं से निपटने की करें तैयारी: कलेक्टर

### एसडीएम, तहसीलदार एवं निर्माण विभागों से जुड़े अधिकारियों के अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनूपपुर जिले में वर्तमान वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए संभावित आपदा की स्थिति से निपटने हेतु अधिकारियों को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार तथा निर्माण कार्यों से जुड़े अधिकारी पूरी तत्परता और सजगता के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेषकर जिले की पुल-पुलिया, रपटा और नदी-नालों की निगरानी की जाए तथा जल बहाव वाले स्थलों को चिन्हित कर दोनों ओर सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य में पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, अतः आवश्यकतानुसार उनकी ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने आपदा संभावित क्षेत्रों में पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने, राहत सामग्री व संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से शीघ्र निपटने हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



#### मुआवजा प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करें सुनिश्चित

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन, जल संसाधन विभाग सहित अन्य निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वर्षा ऋतु के दृष्टिगत सतर्कता बरतें एवं अपने-अपने विभागों द्वारा निर्मित पुल-पुलिया, रपटे एवं जल संरचनाओं का तत्काल निरीक्षण कर लें। कलेक्टर ने कहा कि विगत दिनों हुई वर्षा के कारण यदि कहीं कोई संरचना क्षतिग्रस्त हुई है तो उसकी शीघ्र मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। संबंधित निर्माण एजेंसियां अलर्ट मोड पर कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा जनहानि की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि संभावित आपदा की रोकथाम हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाएं। कलेक्टर श्री पंचोली ने वर्षा जनित आपदाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुआवजा प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को मुआवजा राशि तत्काल प्रदाय की जाए। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख को निर्देशित किया कि गूगल ड्राइव के माध्यम से ग्रामवार आकाशीय बिजली, मकान क्षति, पुल-पुलिया क्षति, हाथी जनित हानि, सर्पदंश आदि के प्रकरणों की जानकारी संबंधित पटवारियों से प्राप्त कर शीघ्र प्रतिवेदन तैयार कराएं। उक्त प्रतिवेदनों के आधार पर त्वरित राहत सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता प्राप्त हो सके।

#### आश्रय स्थल की स्थापना के निर्देश

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में वर्षा जनित आपदाओं से संभावित प्रभावित ग्रामीणों के लिए अस्थायी आश्रय स्थल (शेल्टर होम) की स्थापना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में इन शेल्टर होम्स के माध्यम से आवश्यकतानुसार प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान की जाए। साथ ही, उन्होंने खाद्य विभाग को निर्देशित किया कि शेल्टर होम्स में निवासरत व्यक्तियों को समुचित राशन सामग्री तत्काल उपलब्ध कराई जाए, जिससे आपदा की घड़ी में किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

### बारिश का कहरः घर में गिरी बिजली से सामान जलकर राख

## लगातार बारिश से जनजीवन, अर्थव्यवस्था प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पिछले 3 दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जिले मेंजनजीवन और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित किया है। बारिश के कारण कई इलाके जलजग्न हो गये है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत दुलहरा में अवधेश पटेल के घर पर शाम को आकाशीय बिजली गिरने से घर में रखा समान जलकर राख हो गया। जिले के शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में बारिश के कारण निचले इलाकों और शहरों में जलभराव हो गया है, जिससे लोगों को अपने घरों से निकलने में मुश्किल हो रही है। कई जगह ग्रामीण अंचलों में सड़कों पर पानी भरने से यातायात बाधित हो गया है, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हो रही है।बारिश के कारण उमस बढ़ गई है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने लगी है। बारिश से कुछ फसलों को नुकसान भी हो सकता है। बारिश के कारण दुकानों और बाजारों में कम भीड़ हो रही है।



जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वही बारिश के कारण निर्माण कार्य भी बाधित हो रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कुछ बारिश के कारण बिजली गुल होने की भी खबर कुल मिलाकर, 3 दिनों से हो रही बारिश ने अनूपपुर में जनजीवन और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित किया है।आकाशीय बिजली घर राखग्राम पंचायत दुलहरा में रविवार की शाम 5:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से अवधेश पटेल पुत्र लाल दास पटेल के घर में आग लग गई, जिसमें उसके सभी सामान कपड़े कुर्सी टेबल, खाने पीने की सामग्री तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान सभी मोहल्ला वासियों ने मिलकर आग बुझाया जिससे काबू पा लिया गया।